# स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस

# सेवा पखवाड़ा

## वर्ल्ड हार्ट डे एवं हैन्डस ऑन वर्कशाप ऑन बी.एल.एस. (29.09.2025)







माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया श्रीमती आनंदी बेन पटेल की प्रेरणा से एवं विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो० विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आज दिनांक 29 सितम्बर 2025, दिन सोमवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस एवं प्रो० (डा०) संजय काला प्रधानाचार्य जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हृदय दिवस एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट मैनेजमेन्ट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा० वंदना पाठक, एनेस्थीसिया क्रिटिकल केयर एण्ड पेन मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डा० अपूर्व अग्रवाल, हेल्थ साइंसेस निदेशक डा० मुनीश रस्तोगी, एसो० डीन एडमिन डा० दिग्विजय शर्मा, ने संस्थान के सभागार में दीप प्रज्वलन कर किया।

विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि वर्तमान समय में हृदय सम्बन्धी समस्याओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने बताया कि कार्डियामिगेली से के कारण हृदय का आकार बढ़ जाता है एवं कई समस्यायें उत्पन्न हो जाती हैं।

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डा0 वन्दना पाठक ने बताया कि हृदय सम्बन्धी विकारों में बढ़ोत्तरी का मूल कारण अनियमित खानपान एवं दिनचर्या है नियमपूर्वक खानपान एवं संतुलित दिनचर्या से हृदय संबंधी समस्याओ को जटिल होने से रोका जा सकता है। जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज के एनेस्थीसिया क्रिटिकल केयर एण्ड पेन मेडिसिन विभाग के हेड डा० अपूर्व अग्रवाल एवं उनकी टीम डा० नेहा मिश्रा, डा० सुरप्रीत सिंह,







डा० सत्येन्द्र सिंह यादव, डा० अमित, डा० ध्रुविका ने बेसिक लाइफ सपोर्ट मैनेजमेन्ट विषय पर व्याख्यान

प्रस्तुत किया एवं 'हैन्ड्स ऑन ट्रेनिंग' के साथ सभी विद्यार्थियों को सी.पी.आर. से सम्बन्धित प्रयोग करवाया तथा बताया कि किस प्रकार से कार्डिएक अरेस्ट आने पर त्वरित रूप से सी.पी.आर. दिया जाता है एवं क्या–क्या उपाए त्वरित रूप से किये जा सकते हैं।

संस्थान के निदेशक डा० मुनीश रस्तोगी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के एसो० डीन प्रशासन डा० दिग्विजय शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन संस्थान की सहायक निदेशिका डा० हिना वैश्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सहायक निदेशक श्री धीरज कुमार, श्रीमती नेहा शुक्ला, श्री चन्द्रशेखर कुमार, श्री उमेश कुमार मौर्या, डॉ. अनामिका दीक्षित, सुश्री आमिना जैदी, डॉ. अल्का कटियार, श्री संतोष कुमार यादव, सुश्री अन्नू वर्मा, सुश्री यशवी गुप्ता, सुश्री रेशू यादव, सुश्री अस्मिता मिश्रा, श्री अमिल अग्रवाल आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## अनियमित खानपान बढ़ा रहा हृदय रोग



कार्यशाला में डॉ. वंदना पाठक को सम्मानित करते लोग। स्रोतः सीएसजेएमयू

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सोमवार को विश्व हृदय दिवस तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला हुई। स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज एवं जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. अपूर्व अग्रवाल, निदेशक डॉ. मुनीश रस्तोगी और एसोसिएट डीन एडमिन डॉ. दिग्विजय शर्मा ने किया। डॉ. वंदना पाठक ने कहा कि अनियमित खानपान और असंतुलित दिनचर्या से हृदय रोगियों की संख्या बढ़ रही है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के डॉ. अपूर्व अग्रवाल और उनकी टीम ने बेसिक लाइफ सपोर्ट पर व्याख्यान दिया। यहां निदेशक डॉ. मुनीश रस्तोगी, डॉ. दिग्विजय शर्मा डॉ. हिना वैश्य रहे। (ब्यूरो)

## कार्यशाला आयोजित

कानपुर : छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के सेवा पखवाड़ा के तहत विश्व हृदय दिवस तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला हुई। शुभारंभ प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अमरोहा पुखरायां में भ्रमण एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ। वि.

## अनियमित दिनचर्या से बढ़ रहा हृदय रोग

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज एवं जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के संयुक्त प्रयास में विश्व हृदय दिवस तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट मैनेजमेंट विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ विवि के प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. अपूर्व अग्रवाल, निदेशक डॉ. मुनीश रस्तोगी और एसोसिएट डीन एडमिन डॉ. दिग्विजय शर्मा ने किया। वहीं, डॉ. वंदना पाठक ने अनियमित खानपान और असंतुलित दिनचर्या को हृदय रोगों का मुख्य कारण बताते हुए नियमित जीवनशैली अपनाने पर बल दिया।